ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय
कांके रांची, झारखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 17-11-2026

गुमला(झारखण्ड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2026-11-17 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2026-11-18	2026-11-19	2026-11-20	2026-11-21	2026-11-22
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	6.0	31.0
अधिकतम तापमान(से.)	27.0	26.0	25.0	25.0	24.0
न्यूनतम तापमान(से.)	12.0	13.0	16.0	16.0	16.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	76	76	94	95	95
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	33	42	55	62	70
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8	7	12	11	5
पवन दिशा (डिग्री)	3	18	17	22	45
क्लाउड कवर (ओक्टा)	4	4	7	6	5
चेतावनी	कोई चेतावनी नहीं	कोई चेतावनी नहीं	कोई चेतावनी नहीं	कोई चेतावनी नहीं	भारी वर्षा

पूर्वानुमान सारांश:

भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, अगले पांच दिनों में बारिश होने की संभावना है, और इस दौरान आसमान में बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 25.0-27.0°C और न्यूनतम तापमान 12.0-16.0°C के बीच रहने का अनुमान है। सापेक्ष आर्द्रता 33-95% के बीच रहेगी और हवा की गति 5-12 किमी प्रति घंटा के साथ हल्की से मध्यम रहेगी।

मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

भारी बारिश

मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

तेज़ हवाओं के कारण धान की फसलें गिर सकती हैं, सब्जियों के फलों के झड़ने और नर्सरी के बीजों के अपनी जगह से हट जाने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

आने वाले दिनों में वर्षा की संभावना को देखते हुए किसान भाई धान की खड़ी फसलों की कटाई 20 नवंबर से पहले कर लें एवं सुरक्षित स्थान पर रखें। अगर कटाई में किसी तरह का विलम्ब हो तो वर्षा के पश्चात कटाई करें। आलू की फसल, सब्ज़ियों की नर्सरी तथा खेतों से जल निकासी की उचित सुविधा रखें।

लघु संदेश सलाहकार:

सितंबर के महीने में बोई गई तोरिया की फसल फूल आने से पहले की अवस्था में है अत: किसान भाई यूरिया का भुरकाव शीर्ष ड्रेसिंग के माध्यम से करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	जहा भी खरीफ फसलों की कटाई हो चुकी हो वहाँ समय से बोई जाने वाली गेहु के लिए खेतों को तैयार करें। सिंचित अवस्था के लिए उन्नत प्रभेद है – के 1006, के 0307, बिरसा गेहूं 3, एच डी 2967, डी बी डबल्यू 39, 187। असिंचित अवस्था के लिए प्रभेद हैं – के 1317, एच डी 3171, एच आइ 1612। बीज का दर 40 किलोग्राम प्रति एकड़ लें, बीजों को बुवाई से पूर्व बीटावेक्स या कार्बेण्डजीम की 2.5 ग्राम प्रति किलो बीज के दर से अवश्य उपचारित करें। अगर दीमक के प्रकोप हैं तो बीजों को बुवाई से पूर्व इमिडाक्लोप्रीड 17.8 एसएल @ 5 मिलिलीटर प्रति किलो बीज के दर से उपचार करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
पालक	पालक साग हेतु दोमट मिट्टी का चुनाव कर उन्नत प्रभेद जैसे पूसा ज्योति, आलग्रीन, पूसा माधवी की नर्सरी लगाएँ। बीज दर 10 से 12 किलोग्राम प्रति एकड़ के दर से लें। बुवाई छोटी छोटी क्यारियाँ बनाकर पंक्तियों मे करें।
प्याज	चूंकि प्याज उथली जड़ वाली फसल है, इसलिए पूर्वानुमानित शुष्क मौसम के अनुसार 60 दिनों के बाद किसानों को नमी के प्रति संवेदनशील अवस्था में सिंचाई करने की सलाह दी जाती है।
गोभी	रोपाई की गई गोभी में अंकुरण की अवस्था तीन सप्ताह की होती है। तीन सप्ताह की अवस्था पर निराई-गुड़ाई करें तथा प्रति एकड़ 55 किलोग्राम यूरिया डालें, तत्पश्चात सिंचाई करें। गोभी की फसल में डायमंड बैक मोथ का प्रकोप हो सकता है। इसे नियंत्रित करने के लिए स्पिनोसैड 45SC @ 0.5 मिली/लीटर की दर से डालें।
टमाटर	न्यूनतम तापमान में कमी और कोहरे की स्थिति के कारण टमाटर में लेट ब्लाइट की संभावना हो सकती है, लेट ब्लाइट से बचने के लिए प्रारंभिक संक्रमण अवस्था में सावधानी बरतनी चाहिए। 2.5 ग्राम मेटालैक्सिल + मेन्कोजेब प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	ठंड के दिनों में, किसानों को ठंडी हवा के सीधे संपर्क से बचने के लिए शेड के दरवाज़ों, खिड़कियों और खुली जगहों को पॉलीथीन या बोरियों के पर्दों से ढककर रखना चाहिए। तीन महीने से बड़े बछड़ों और दो महीने से बड़ी भेड़-बकरियों को खुरपका-मुँहपका रोग से बचाव के लिए टीका लगवाएँ। पशुओं को पर्याप्त स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराएँ।

मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

तूफ़ान और बिजली कड़कने के दौरान पेड़ों के नीचे शरण न लें, खुले मैदानों या जलाशयों के पास न रहें, बिजली या धातु की चीज़ों को न छुएं, तार वाले बिजली के उपकरणों का इस्तेमाल न करें और ज़मीन पर सपाट न लेटें।

प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

सुरक्षित जगह पर शरण लें; पेड़ों, पानी, पहाड़ियों, धातु की चीज़ों और बिजली की लाइनों से दूर रहें। घर के अंदर रहें और हो सके तो यात्रा न करें।

Farmers are advised to download Unified ﷺ and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.

Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/

Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details

Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details